

# समान नागरिक संहिता को लेकर संवाद

## सरकार को सभी से विचार-विमर्श करके यूसीसी लागू करना चाहिए : विधायक श्री जैन



**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. मध्य प्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनपरामर्श बैठकें आयोजित कर रही है.**

कानूनविद और उच्च स्तरीय समिति के सदस्य अनूप नायर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं, विचारों और सुझावों को संकलित करना है ताकि समिति अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप सके. श्री नायर ने बताया कि देश में समान नागरिक संहिता को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच, सागर में प्रबुद्ध नागरिकों और बुद्धिजीवियों, समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों से विचार आमंत्रित किए गए हैं. उन्होंने कहा कि यह समिति विवाह, भरण-पोषण, तलाक, उत्तराधिकार तथा अन्य पारिवारिक कानूनों से जुड़े तमाम विधिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं का अध्ययन कर रही है. इन सभी बिंदुओं की समीक्षा करने के बाद ही समिति समान नागरिक संहिता के संबंध में अपनी उपयुक्त और व्यावहारिक अनुशंसाएं शासन को सौंपेगी. श्री नायर ने बताया कि इन बैठकों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस कानून के निर्माण में समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सके.

विधायक शैलेंद्र जैन ने यूसीसी को आज की आवश्यकता बताया. उन्होंने कहा कि मैं समझता हूँ कि जिस तरह पूरे देश में एक समान कानून और संविधान पूरी तरह से लागू है वैसे ही वर्तमान परिस्थितियों में, समान नागरिक संहिता के समय की एक बेहद महत्वपूर्ण आवश्यकता और जरूरत बन गई है. उन्होंने कहा कि सरकार को सभी से विचार-विमर्श करके इसे लागू करना चाहिए और किसी की भावनाएं आहत न हों, इसका ख्याल अवश्य रखना चाहिए. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि यूसीसी आज की आवश्यकता है. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, डॉ सुखदेव मिश्रा, डा.अनिल तिवारी, मुकेश जैन ढाना, पप्पू तिवारी, मुफ्ती अबरार उलहक, हाफिज नासिर मौजूद थे.

### महिला कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष बैठक लेंगी

**सागर.** महिला कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता कांकेरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकुमारी कुमारी के संभागीय दौरे के अंतर्गत 6 जून शनिवार को प्रात: 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, तीनबत्ती में बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनहित के मुद्दों तथा कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. प्रदेश महासचिव विजय साहू ने सेवादल उपस्थित होने का आग्रह किया.

### आज होगा पौधारोपण

**सागर.** नगर निगम द्वारा अटल पार्क पर 5 जून को प्रात: 9 बजे से महापौर,निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त, पार्षदों एवं निगम अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में पौधारोपण होगा.

# भूमि विवाद में युवक की हत्या का मामला उजागर

## पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, एक अपचारी बालक पुलिस अभिरक्षा में

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. थाना मोतीनगर क्षेत्र में हुए हत्या के गंभीर एवं सनसनीखेज मामले का मोतीनगर पुलिस ने खुलासा किया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि एक अपचारी बालक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना मोतीनगर में मोहन नगर वार्ड निवासी 80 वर्षीय श्रीमती कमलाबाई पति स्वर्गीय कपूरचंद्र सोनी द्वारा दर्ज कराई गई. रिपोर्ट के अनुसार उनका पुत्र अमित सोनी अपने पुत्रों एवं अन्य परिजनों के साथ उनके घर पहुंचा था, इस दौरान पारिवारिक भूमि एवं संपत्ति को लेकर विवाद बढ़ गया. विवाद के दौरान आरोपियों ने फरियादिया के नाती अतुल जड़िया के साथ मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि अतुल जड़िया के साथ बेरहमी से मारपीट की गई तथा लोहे के पाइप से उसके सिर पर गंभीर वार किया गया. गंभीर रूप से घायल अतुल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. नगर पुलिस अधीक्षक श्री ललित कश्यप के नेतृत्व में थाना मोतीनगर पुलिस की टीम गठित की गई. विशेष टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और अथक प्रयासों के बाद घटना में शामिल सभी आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की.

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की उनमें देव सोनी पिता अमित सोनी, उम्र 21 वर्ष, दिव्यांश सोनी पिता अमित सोनी, उम्र 18 वर्ष 4 माह, श्रीमती तनु सोनी पति अमित सोनी, उम्र 45 वर्ष, एक अपचारी बालक है. पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. इसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के बाद गिरफ्तार आरोपियों को केन्द्रीय जेल सागर में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया. वहीं अपचारी बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विधिसम्मत कार्रवाई की गई.

# राज्यसभा में सागर जिले को मिला प्रतिनिधित्व

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की गई.**

जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग एवं भाजपा प्रदेश मंत्री तथा जिले के मंडी बामोरा निवासी रजनीश अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया है. जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि मंडी बामोरा जैसी सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर संगठन में वर्षों तक निष्ठा, समर्पण एवं कार्यकर्ता भावना के साथ कार्य करने वाले श्री अग्रवाल को पार्टी नेतृत्व द्वारा राज्यसभा प्रत्याशी बनाया जाना जिले के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है. उन्होंने कहा भाजपा ही ऐसा राजनीतिक संगठन है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के बल पर सर्वोच्च दायित्व तक पहुंच सकता है. यह जिम्मेदारी लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी.

### विभिन्न गतिविधियां होंगी

**सागर.** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमानुसार विश्व पर्यावरण दिवस को ए ग्वोवल कॉल फार क्लाईमेट एक्शन थीम पर मनाया जा रहा है. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने ननि द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून से 12 जून तक विशेष साप्ताहिक अभियान आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है. 5 जून को दोपहर 1 बजे से नगर निगम सभाकक्ष में परिषद की बैठक आयोजित की गई है. 6 जून को एक्सपोजर विजिट की जायेगी जिसमें कचरा प्रबंधन इकाई, लीगेसी वेस्ट रेमीडिएशन साईट, वेस्ट टू वेल्थ पार्क रहेगी.

# बालिका शौचालय पर ध्यान देने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. जिला पंचायत सभाकक्ष में जिपं उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई.**

जिसमें संबल योजना की राशि का अंतरण, विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय आदि की राशि के सकारात्मक आय-व्यय के संबंध में निर्देश दिये गए. नि:शुल्क साईकिल एवं पाठ्य पुस्तक वितरण समय सीमा में करने के निर्देश दिये गए. जिला अंतर्गत विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्य/बालिका शौचालय एवं मरम्मत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण कराया जाए. जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने विद्यालयों में साफ-सफाई तथा बालिका शौचालय पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. सदस्य राजेश राय ने जिपं क्षेत्र मालथौन संबंधी समस्याओं पर ध्यानाकर्षण किया. जिस पर डीईओ द्वारा बीईओ एवं बीआसीसी को समस्या का निराकरण हेतु निर्देशित किया गया. बैठक में श्रीमती भारती, राजेश राय द्वारा जिला पंचायत अंतर्गत विभागीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ अरविंद जैन आदि मौजूद थे.

# हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ



**नवभारत न्यूज**

**सागर 3 जून. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई अपमानजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया.**

श्री साहू ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु सार्वजनिक जीवन में गरिमा एवं मर्यादा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है. इस दौरान सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, चौबे, अक्षय दुबे, जैद खान,चक्रेश रोहित, नीलेश अहिरवार, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे मौजूद थे.

# जनसुनवाई में महिला ने लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. रहली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रानगिर के ग्राम पटना की एक विधवा महिला ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर कथित कब्जे के प्रयास, राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी और लगातार मिल रही धमकियों को लेकर कलेक्टर जनसुनवाई एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई.**

ग्राम पटना निवासी शकुनबाई दांगी पत्नी स्व. अमोल सिंह दांगी ने आवेदन में गांव के अनुरुद्ध सिंह दांगी, रामनरेश दांगी एवं शिवराज सिंह दांगी को नामजद करते हुए आरोप लगाया है कि उसके एवं पुत्रों के नाम दर्ज लगभग 67 डिसमिल भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है. महिला का कहना है कि मई 2026 में उसकी भूमि पर कथित रूप से ट्रैक्टर चलाकर कब्जे का प्रयास किया गया. विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई.

महिला का आरोप है कि पूर्व में उसके मकान को नुकसान पहुंचाया गया और वहां रखा सामान भी गायब हो गया था, जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को दी गई थी. पीड़िता ने आवेदन में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी भूमि से जुड़े दस्तावेजों में कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षरों का उपयोग किया गया तथा राजस्व रिकॉर्ड में भी अनियमितताएं हुई हैं. महिला ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की राजस्व एवं पुलिस स्तर पर संयुक्त जांच कराने की मांग की है. जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के अनुसार महिला वर्तमान में अपने गांव में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है और परिस्थितियों के चलते कभी अपनी पुत्री के यहां तो कभी दिल्ली में अपने पुत्र के पास रहने को विवश है. उसने प्रशासन से अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने की भी मांग की है. आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्धारण राजस्व एवं पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा.

# 60 लीटर अवैध शराब जप्त

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. थाना मालथौन पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त की.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मालथौन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एनएच-44 सागर-ललितपुर मार्ग स्थित मालथौन कट के पास एक कार में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां दो युवकों द्वारा एक संदिग्ध कार को रोके रखा गया था. पुलिस द्वारा मौके पर खड़ी मारुति सुजुकी एस-प्रेसो कार क्रमांक एमपी 15 जेडजे 6322 की विधिवत तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान वाहन से कुल 07 पेटियों में भरी 60.480 लीटर अवैध शराब बरामद हुई. जप्त शराब में 300 क्वार्टर देशी लाल मसाला शराब तथा 36 क्वार्टर बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की शामिल हैं. पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम लुहर्रा, जिला टीकमगढ़ एवं तूफान राय निवासी ग्राम बम्होरी हुड्डा, थाना बांदरी, किो गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से बरामद शराब की कीमत लगभग 34,320 तथा परिवहन में प्रयुक्त कार की 1,00,000 आंकी गई है.

# त्रिदिवसीय हिंदू किन्नर सम्मेलन का समापन



**नवभारत न्यूज**

**बीना 4 जून. तीन दिवसीय हिंदू किन्नर सम्मेलन का समापन हुआ. सम्मेलन के आखिरी दिन शहर के प्रमुख रास्तों से जुलूस निकाला गया, जो कटरा स्वामी मंदिर में घंटा चढ़ाकर पूरा हुआ.**

यह जुलूस खुरई रोड स्थित एक निजी गार्डन से शुरू हुआ था. इसके बाद ओवरब्रिज, सर्वोदय चौराहा और अंबेडकर तिराहा होते हुए जुलूस कटरा मंदिर पहुंचा. जुलूस के दौरान डीजे की धुन पर किन्नर नाचते-गाते नजर आए. इस अनोखे नजारे को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात रहा. आयोजकों ने बताया कि इसका मुख्य मकसद सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाना और किन्नर समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है. किन्नर संतों ने कहा कि सनातन धर्म में किन्नरों का विशेष स्थान है और ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता और धार्मिक चेतना बढ़ती है.




# पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. विश्व पर्यावरण दिवस पर वैश्य महिला सभा द्वारा संगोष्ठी का आयोजन जिला संयोजक शशि साहू के द्वारा किया गया.**

इस दौरान मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षक डॉ वंदना गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि विनीता केसरवानी उपस्थित रही. अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनीता जैन ने की. इस दौरान डॉ वंदना गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नीम के पौधो के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला.

नगर अध्यक्ष संध्या केसरवानी ने कहा कि नीम के पौधे को भारतीय परंपरा में वैध कहा गया है. नगर प्रभारी रोहिणी साहू ने कहा कि आज के समय में जो धरती का तापमान बढ़ रहा है एवं पानी का लेवल घट रहा है. जिला संयोजक शशि साहू ने पौधों की देखभाल एवं नए पौधे लगाने का संकल्प किया. इस दौरान अलका केसरवानी, ज्योति जुड़ैले, नंदिनी चौधरी, माया केसरवानी, रुक्मणी केसरवानी, सीमा जैन, सुनीला केसरवानी, प्रिया केसरवानी, चंपा नायक, ऋतु, पूनम, निशि, मीना आदि मौजूद थीं.

### कंट्रोल रुम स्थापित

**ललितपुर.** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुंदेलखंड क्षेत्र की प्राचीन प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में पहल की गई है. भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान, झांसी और मानव ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त रूप से बुंदेलखंड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान का शुभारंभ किया है. आयोजकों ने बताया कि तेजी से होते शहरीकरण, विकास कार्यों और बदलते पर्यावरणीय परिदृश्यों के कारण बुंदेलखंड के अनेक प्राचीन एवं ऐतिहासिक वट वृक्ष अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं. इसी चिंता को दूर करने और वट वृक्ष संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई है.

# मेडिकल कॉलेज में बीईआरए मशीन का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 4 जून. स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में श्रवण रोगों की उन्नत जांच के लिए ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पॉन्स ऑडियोमेट्री मशीन का शुभारंभ किया गया.**

साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के पी.पी.सी. केन्द्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का लोकार्पण भी संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक रामरत कुशवाहा ने किया. विधायक ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होना जिले की जनता के लिए बड़ी उपलब्धि है. इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और उन्हें जांच एवं उपचार के लिए अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा.

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया कि बीईआरए मशीन के माध्यम से बहरेपन एवं श्रवण क्षमता में कमी की सटीक जांच की जा सकेगी. यह जांच विशेष रूप से नवजात शिशुओं, बच्चों तथा जन्मजात मूक-बधिर व्यक्तियों की श्रवण क्षमता के मूल्यांकन में अत्यंत उपयोगी है. मशीन के जरिए श्रवण तंत्रिका एवं मस्तिष्क तक पहुंचने वाले ध्वनि संकेतों का परीक्षण किया जाता है, जिससे सुनने की नस में किसी प्रकार की कमजोरी या विकार का पता लगाया जा सकता है. चिकित्सकों के अनुसार यह जांच दिव्यांगता प्रमाणपत्र हेतु श्रवण अक्षमता के आकलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. बीईआरए मशीन की स्थापना से ललितपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी. इस दौरान पीपीसी केन्द्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का भी लोकार्पण किया गया. इस शेड के निर्माण से अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रतीक्षा के दौरान धूप, वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों से राहत मिलेगी.




# एमपीएल के शुभारंभ में भेंट

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष युवराज महानआर्यमन सिंधिया के नेतृत्व में आयोजित प्रीमियर लीग का शुभारंभ इंदौर में हुआ.**

इस अवसर पर युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत स्टेडियम पहुंचे. आकाश सिंह राजपूत ने एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया से सौजन्य भेंट की. दोनों के बीच प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं के विकास, युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई. श्री राजपूत ने कहा कि श्री सिंधिया के नेतृत्व में प्रीमियर लीग खिलाड़ियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच बनकर उभरी है. प्रतियोगिता न केवल क्रिकेट प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर रही है. युवाओं में खेल भावना, अनुशासन को भी प्रोत्साहित कर रही है.

# एक कुर्सी पर दो सीओ, विकास कार्यों पर संकट

## प्रशासनिक असमंजस का केंद्र बना जनपद पंचायत कार्यालय, कर्मचारी परेशान, जनप्रतिनिधियों में आक्रोश, जिला प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सागर 4 जून. ग्रामीण विकास योजनाओं की धुरी मानी जाने वाली जनपद पंचायत इन दिनों एक अभूतपूर्व प्रशासनिक संकट से गुजर रही है.**

हालात ऐसे हैं कि एक ही कार्यालय में दो अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भूमिका में काम कर रहे हैं. इस स्थिति ने न केवल कार्यालयीन व्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि विकास योजनाओं की गति और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जनपद पंचायत में दो अधिकारी अलग-अलग आदेशों के आधार पर स्वयं को सीईओ की भूमिका में मानकर कार्य कर रहे हैं, तब कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक आखिर किसे अधिकृत अधिकारी मानें? स्थिति यह है कि प्रशासनिक अधिकार और वित्तीय जिम्मेदारियां अलग-अलग स्तर पर संचालित हो रही हैं. यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट, वर्षा पूर्व तैयारियां, स्टॉप डैमों की मरम्मत, जल संरक्षण कार्य और विभिन्न योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है. ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों का कहना है कि लोग समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर उनके पास पहुंचते हैं. लेकिन जपं में ही अधिकारों को लेकर स्पष्टता नहीं होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है.

सूत्रों के अनुसार कर्मचारियों के सामने भी असहज स्थिति है. फाइलें किस अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएं, किसके निर्देशों को अंतिम माना जाए और किस स्तर पर निर्णय की वैधता मानी जाए,जनपद सीओ सचिन गुप्ता का कहना है कि उनकी नियुक्ति राज्य शासन के आदेश से जनपद पंचायत में हुई थी. बाद में जारी निलंबन आदेश को उन्होंने न्यायालय में चुनौती दी, जहां से उन्हें राहत प्राप्त हुई. न्यायालय के आदेश के बाद उन्होंने पुन: अपने पद का दायित्व संभाला है. आरइएस सागर संभाग क्रमांक-1 में सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ भूपेंद्र अहिरवार का कहना है कि उन्हें जिला प्रशासन द्वारा जनपद पंचायत के सीओ का प्रभार सौंपा गया है. प्रशासनिक आदेश के तहत मिली जिम्मेदारी का निर्वहन करना उनका दायित्व है. जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता पृथ्वी सिंह ने कहा कि उन्होने इस संबंध में जिला प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित किया गया है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान सामने नहीं आया है. जनपद सदस्य संजय मोंटी यादव ने कहा कि वर्तमान समय ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. पेयजल संकट, विकास कार्यों और वर्षा पूर्व तैयारियों से जुड़े अनेक मामलों में तत्काल निर्णय की आवश्यकता है.

### स्थानांतरण पर चौकी प्रभारी श्री बघेल को दी बिदाई





**,नवभारत न्यूज,बड़चिचोली ,4 जून**

बड़चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम बघेल का स्थानांतरण मंडला होने पर बीते शाम चौकी परिसर में आयोजित विदाई समारोह में विभाग के अधिकारी,कर्मचारी,ग्राम के जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विदाई दी गई। गौरतलब हो कि विक्रम बघेल लंबे समय से इस बड़चिचोली पुलिस चौकी में प्रभारी बने रहे,इसकी साफ-सुथरी छबी तथा मिलनसार स्वभाव के चलते यह विभाग के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के चहेते बने रहे,बीते दिनों प्रदेश मुख्यालय के गृह मंत्रालय से जारी हुई स्थानांतरण सूची में इनका बड़चिचोली से मंडला जिले में तबादला किया गया। वहीं बीते पुलिस चौकी परिसर में एक सादा किन्तु गरीमामयी विदाई समारोह में एसडीओपी बृजेश भार्गव सहित अन्य पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों के साथ ही ग्राम के जनप्रतिनिधि,पत्रकार,गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित हुए थे,इस दौरान एसडीओपी बृजेश भार्गव द्वारा विक्रम बघेल के कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना कर कहा कि इन्होंने इस पुलिस चौकी में कार्यरत रहते हुए विभागीय कार्य बहुत अच्छे स्तर पर किया गया,वहीं इस कार्यक्रम में राजना सरपंच दीपक खवसे,आनजगांव सरपंच हरिश्चंद्र नेहारे,बड चिचोली के पूर्व सरपंच राजू कवड़े,पूर्व उपसरपंच रामेश्वर किनकर,पूर्व जनपद सदस्य ,पत्रकार शेख नूर मोहम्मद,सुखदेव सोमकुवर, प्रफुल तातेकर,श्रीकांत महाजन,प्रवीण राऊत,विश्वास किनकर,रजत पराडकर,सुरेश पनपालिया,आशीष उइके,सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश मालवीय,प्रमोद डोंगरे,प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र उइके,आरक्षक राहेति,आमवीर जाट,अशोक धुर्वे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।